दिनांक 13.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वच्छता एप डाउनलोड कराने आयुक्त चौहान पहुंचे बैंक परिसर में

भिलाईनगर/ स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के अंतर्गत लोगों को जागरुक करने व स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान अपने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सिविक सेंटर स्थित बैंक परिसर में पहुंचकर उपस्थित बैंक, एलआईसी, के अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंट व आम नागरिकों को मोबाईल एप से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम आप के पास आयें हैं आप अपने क्षेत्र की सफाई से संबंधित शिकायतें मोबाईल एप के माध्यम से निगम भिलाई तक पहुंचाये हम आप से वादा करते हैं 24 घण्टे के अंदर सफाई कर देंगे। सफाई के बाद आप लोग संबंधित एप में जाकर निगम के कार्यों को वोटप करें। यह डिजीटल इंडिया का समय आ गया है अब आवेदन देने की आवश्यकता नहीं ।

बैंक व बीमा कम्पनी के अधिकारी, कर्मचारी इस बात से खुश थे कि निगम के अधिकारी, कर्मचारी स्वयं आकर जागरुकता अभियान फैला रहें हैं और हम से शिकायत करने के लिए कह रहें हैं हमसब लोग मिलकर सहयोग करेंगे साथ ही बैंक में आने वाले ग्राहकों से मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक ने निगम भिलाई के इस प्रयास के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान का पुरे स्टाप के साथ स्वागत किया। हम सब भी चाहते हैं कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर अपने नगर के रैंकिंग में सधार करें। वहीं पर आयुक्त के0एल0 चौहान निगम की अतिआवश्यक फाईलों पर हस्ताक्षर भी कर रहे थे जिससे निगम का कार्य भी सुचारु रुप से चलते रहे।

जागरुक नागरिक मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले प्ले स्टोर में जाये स्वच्छता एमओयू टाईप करें इन्सटाल करें उसके बाद भाषा चुनें अपना मोबाईल नम्बर दर्ज करें उसके बाद नम्बर पर एसएमएस द्वारा ओटीपी आयेगी उसको डालें लोकेशन अंकित करें डाउनलोड के बाद सफाई से संबंधित कचरा दिखे, मरा हुआ जानवर दिखे, कुड़े का ढ़ेर दिखे, घर–घर से कचरा कलेक्शन हो रहा है कि नहीं आदि से संबंधित सभी जानकारी ऑनलाईन भेजने के बाद निगम के निराकरण से संतुष्ट हो तो सहमति प्रदान करें ।

भारतीय जीवन बीमा में 85, बैंक ऑफ बड़ोदा 32, युनियन बैंक 30, सेन्ट्रल बैंक 45, पंजाब नेशनल बैंक 40, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 56, बैंक ऑफ इंडिया 17, सिविक सेंटर मार्केट 25, नागरिकों को मोबाईल एप डाउनलोड कराया गया। सभी ने सहयोग करने का संकल्प लिया।

जन सम्पर्क विभाग